## विषय : हिन्दी विशिष्ट **Set-C**

निर्देश : (i) सभी प्रश्न हल कीजिए।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न **खण्ड-अ, ब** में विभाजित है। इसमें 10 अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 7 तक के उत्तर 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 8 से 13 के उत्तर 50 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक के उत्तर 75 शब्दों में दीजिए। इनमें विकल्प दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 22 एवं 24 के उत्तर 150 शब्दों में दीजिए। इनमें विकल्प दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 23 एवं 25 में 8-8 अंक निर्धारित हैं। प्रश्न क्रमांक 25 का उत्तर 250 शब्दों में दीजिए। इनमें विकल्प दिया गया है।

1. **खण्ड (अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए—

(i) पर्वतीय प्रदेश में ऋतु थी—

(अ) पावस (ब) ग्रीष्म

(स) बसंत (द) शीत

(ii) कृषि महोत्सव में चुने गए खेत का मूल्य पुरस्कार स्वरूप दिया जाता—

(अ) दुगुना (ब) तिगुना

(स) चौगुना (द) नौगुना

(iii) गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर रचित 'जन-गण-मन' है—

(अ) राष्ट्रगीत (ब) राष्ट्रगान

(स) झंडागान (द) इनमें से कोई नहीं।

(iv) कबीर की भाषा है—

(अ) ब्रज (ब) अवधी

(स) खड़ीबोली (द) सधुक्कड़ी।

(v) हिन्दी काव्य जगत के उड्डगन माने जाते हैं—

(अ) तुलसीदास (ब) कबीरदास

(स) सूरदास (द) केशवदास

1. **खण्ड (ब)** उचित सम्बन्ध जाड़िए—

| | (क) | (ख) |
|---|---|---|
| (i) | नूपुर ध्वनि | (a) पंडवानी |
| (ii) | पंचवटी | (b) बंदीजन |
| (iii) | तीजनबाई | (c) स्वर्णकाल |
| (iv) | खगवृंद | (d) केकी रव |
| (v) | भक्तिकाल | (e) खण्ड काव्य |

2. दानवीर किसे कहते हैं ?

3. शब्द समूहों के लिए एक शब्द लिखिए—

(i) ईश्वर में विश्वास करने वाला

(ii) जिसके आने की निश्चित तिथि न हो।

4. भौतिकी के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार प्राप्त दो भारतीयों के नाम लिखिए।

5. गेय मुक्तक की दो विशेषताएँ लिखिए।

6. गीतिका छन्द का एक उदाहरण लिखिए।

7. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए—

(i) घी के दीये जलाना (ii) चकमा देना।

8. वृक्ष के सौंदर्य का चित्रण पंत जी ने किस प्रकार किया है ? वर्णन कीजिए।

9. 'वर्षा सुंदरी के प्रति' कविता में कवयित्री ने उदास शिशु जग के प्रति वर्षा सुन्दरी क्या-क्या व्यवहार करने को कहा है ? चित्रण कीजिए।

10. डॉ. हरगोविंद खुराना को वापस विदेश क्यों जाना पड़ा ? उन्हें किस खोज के लिए नोबेल पुरस्कार मिला ?

11. श्रृंगार रस की परिभाषा और एक उदाहरण लिखिए।

12. निर्देशानुसार कीजिए—

(i) तुम खाना खाओ। (निषेध वाचक वाक्य बनाइए)

(ii) वह एक आँख से काना है। (वाक्य शुद्ध कीजिए)

(iii) परिश्रमी व्यक्ति सफल होते हैं। (मिश्र वाक्य बनाइए)

13. बालक कृष्ण चन्द्र खिलौने के लिए क्या-क्या हठ करते हैं ?

14. डॉ. भगवतशरण उपाध्याय **अथवा** सुमित्रानंदन पंत का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए—

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा-शैली की दो विशेषताएँ **अथवा** भाव-पक्ष की दो विशेषताएँ

(iii) साहित्य में स्थान।

15. उदयसिंह को बचाने के लिए पन्ना ने किसकी सहायता ली? उसने कैसे सहायता की?

**अथवा**

चित्तौड़ में दीपदान का उत्सव मनान को किसने कहा था? चित्तौड़ में दीपदान का उत्सव क्यों मनाया जा रहा था?

16. कम्प्यूटर की तुलना गणेश जी से क्यों की गई है?

**अथवा**

छात्रों के अनुसार उत्तर दिशा का ज्ञान रात और दिन के समय कैसे किया जा सकता था?

17. द्वारपाल ने श्रीकृष्ण को सुदामा का परिचय किस रूप में दिया? वर्णन कीजिए।

**अथवा**

माली और कलियों के माध्यम से कबीर क्या कहना चाहते हैं?

18. अछूत कन्या को चौके में न आने देने पर गाँधीजी ने क्या सबक सिखाया?

**अथवा**

माता का शृंगार लाल और सफेद रंग में किस प्रकार किय जाता है?

19. पंडवानी गायिका तीजन बाई पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**अथवा**

जैतखाम क्या है ? वर्णन कीजिए।

20. मधुलिका के स्वाभिमान को उजागर करने वाली दो घटनाओ को अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

महादेवी वर्मा की भाषा-शैली की **दो** विशेषताएँ लिखिए।

21. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कर साहित्यिक सौंदर्य लिखिए—

ऊधो मोहिं ब्रज बिसरत नाहीं।
हंस सुता की सुंदर कगरी अरू कुंजन की छाँहीं।
वै सुरभी, वै बच्छ दोहिनी, खरिक दुहावन जाहीं।
ग्वाल बाल सब करत कुलाहल नाचत गहि-गहि बाहीं।

**अथवा**

अवधेस के द्वारे सकारे गई, सुत गोद कै भूपति लै निकसे।
अवलोकि हौं सोच बिमोचन को, ठगि सी रही, जो न ठगे धिक से।
तुलसी मनरंजन रंजित अंजन-नैन सुखंजन जातक से।
सजनी ससि में समसील उभै, नवनील सरोरूह से बिकसे।

22. निम्नलिखित गद्यांश को संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कर उसकी विशेषताएँ लिखिए—

दुनिया में क्यों नहीं? कौन-सी चीज मैंने अपने हाथों पैदा नहीं की? मेरे सहारे कारखाने अमित मात्रा में माल उगलते जा रहे हैं। मैं तृण से ताड़ बनाता हूँ, तिल से पहाड़, नगर को ढो सकने वाले जहाजों से लेकर सुई तक, कोई महान और अदनी चीज नहीं जो मेरे स्पर्श के जादू से जीवन धारण न कर लेती हो। पर यह सब कुछ मेरे लिए क्यों नहीं? मैं इनमें से तिनका तक भी नहीं ले पाता।

**अथवा**

यदि हम किसी बात पर क्रुद्ध बैठे हैं और इसी बीच में कोई दूसरा आकर हमसे कोई बात सीधी तरह भी पूछता है तो भी हम उस पर झुंझला उठते हैं। इस झुंझलाहट का न तो कोई निर्दिष्ट कारण होता है, न उद्देश्य। यह केवल क्रोध की स्थिति के व्याघात को रोकने की क्रिया है, क्रोध की रक्षा का प्रयत्न है। इस झुंझलाहट द्वारा हम यह प्रकट करते हैं कि हम क्रोध में हैं और क्रोध में ही रहना चाहते हैं।

23. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

महात्मा गाँधी अपना काम अपने हाथ से करने पर बल देते थे? वे प्रत्येक आश्रमवासी से आशा करते थे कि वह अपने शरीर से सम्बंधित कार्य, सफाई तक स्वयं करगा। उनका कहना था कि जो श्रम नहीं करता, वह पाप करता है और पाप का अन्न खाता है। ऋषि-मुनियों ने कहा है—बिना श्रम किए जो भोजन करता है, वह वस्तुत: चोर है। महात्मा गाँधी का समस्त जीवन-दर्शन श्रम-सापेक्ष था। उनका समस्त अर्थशास्त्र यही बताता था कि प्रत्येक उपभोक्ता का उत्पादन कर्ता होना चाहिए। उनकी नीतियों की उपेक्षा करने के परिणाम हम आज भी भोग रहे हैं। न गरीबी कम होने में आती है, न बेरोजगारी पर नियंत्रण हो पा रहा है और न अपराधों को रोकना हमारे वश की बात हो रही है।

(अ) महात्मा गाँधी किस बात पर बल देते थे?

(ब) महात्मा गाँधी का क्या कहना था?

(स) ऋषि-मुनियों ने क्या कहा है?

(द) महात्मा गाँधी की नीतियों की उपेक्षा करने का क्या परिणाम हुआ है ?

(इ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

23. आपका नाम अनीता राठी है। आप शास. उच्च. माध्य. सुकमा में कक्षा दसवीं की छात्रा हैं। अपने प्राचार्य के स्थानांतरण प्रमाण हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

**अथवा**

मुहल्ले में साफ-सफाई न होने की शिकायत करते हुए सरिता देवांगन के नाम से धमतरी नगर निगम के महापौर को शिकायती पत्र लिखिए।

25. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए—

(i) विज्ञान के चमत्कार

(ii) राष्ट्रीय पर्व—गणतंत्र दिवस

(iii) दहेज प्रथा—एक अभिशाप

(iv) जीवन में खेलों का महत्व

(v) वृक्षारोपण